**प्रेस विज्ञप्ति**

**लोक भवन, राँची**

**दिनांक : 05 सितम्बर, 2026 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज पूर्व राष्ट्रपति एवं प्रख्यात शिक्षाविद भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती के अवसर पर लोक भवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि शिक्षा एवं दर्शन के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उनके विचार एवं जीवन-दर्शन समाज को ज्ञान, संस्कार एवं मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने वाले देश के सभी शिक्षकों को 'शिक्षक दिवस' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति द्वारा अल्बर्ट एक्का चौक, राँची में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में सभी श्रद्धालुओं को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन आस्था के साथ जीवन-दर्शन और कर्म की प्रेरणा भी है। उनके जीवन में मित्रता, करुणा तथा अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने का साहस दिखाई देता है। उनका संदेश हमें सिखाता है कि परिस्थितियाँ कैसी भी हों, विवेक, धैर्य और साहस का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। श्रीमद्भगवद्गीता का कर्मयोग का संदेश हमें पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्य का पालन करने की प्रेरणा देता है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि दही-हांडी प्रतियोगिता भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़ी उमंग, उत्साह और सामूहिकता की भावना को अभिव्यक्त करती है। मटकी तक पहुँचने के लिए पूरी टीम के विश्वास, सहयोग, संतुलन और तालमेल की आवश्यकता होती है। यही इस आयोजन का सुंदर संदेश है–मिलकर आगे बढ़ना। उन्होंने कहा कि युवाओं में ऊर्जा, प्रतिभा और उत्साह की कोई कमी नहीं है। खेल, संस्कृति और ऐसे सामुदायिक आयोजन युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, सहयोग एवं आत्मविश्वास की भावना को मजबूत

करते हैं। सशक्त युवा ही सशक्त समाज और विकसित भारत की आधारशिला हैं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि इस पावन अवसर पर सभी भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों से प्रेरणा लेते हुए सत्य, कर्तव्य, प्रेम, सद्‌भाव और सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें तथा समाज और राष्ट्र की प्रगति में अपना योगदान दें।

उक्त अवसर पर उन्होंने दही-हांडी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

---